भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.11.2024/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे

.....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार के जमुई में जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्रों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

.....

प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियां रद्द करने के निर्णय को राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है। हिमाचल प्रदेश सीपीएस/पीएस एक्ट 2006 को निरस्त करने के खिलाफ कल सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर दी गई है। उधर, इस मामले में याचिका दायर करने वाले भाजपा नेताओं ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर कर दी है। इसी बीच हटाए गए मुख्य संसदीय सचिवों के विधायक बने पर संशय अभी भी बरकरार है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल धर्मशाला से लौटते ही सचिवालय में आला अधिकारियों के साथ बैठक कर इस मामले पर मंत्रणा की।

.....

नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल से 43वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला शुरू हो गया है। 14 दिवसीय इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने किया। इस वर्ष मेले में ग्यारह देश भाग ले रहे हैं। इनमें चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इस वर्ष का विषय 2047 तक विकसित भारत है। इस व्यापार मेले में हिमाचल मंडप का भी आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन दिल्ली में प्रधान आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती ने किया। इस वर्ष हिमाचली उत्पादों की जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है। हिमाचल मंडप के निदेशक ज्ञान सिंह चौहान, ने बताया की मंडप में स्थापित 16 स्टॉलों में विशुद्ध हिमाचली उत्पाद ही बिक्री के लिए रखे गए है, जिसमे विशेष रूप से हैंडलूम एवं हेंडीक्राफ्ट उत्पाद, फल उत्पाद के अलावा कांगड़ा चाय, एप्पल चिप्स, ड्राई गुच्छी, सिबक्थोर्न व किडनी राजमाह पर आगंतुकों का ध्यान आकर्षित हो रहा है। इन उत्पादों को लेकर मंडप में पधारने वाले लोगों में बहुत दिलचस्पी देखी जा रही है।

.....

सिक्खों के पहले व उल्लास के साथ मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रापति जगदीप धनखड़ ने गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि गुरू नानक देव ने प्रेम, भाईचारा, त्याग और बलिदान के जीवन मूल्यों पर बल दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि मानवता की सेवा को समर्पित गुरूनानक देव जी का जीवन सत्य, एकता और भाई चारे के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी प्रदेशवासियों को गुरू नानक जयंती पर बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा है कि गुरू नानक देव जी ने लोगों को एकता, समरसता और सदभाव का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि गुरू नानक देव जी ने पूरे विश्व को शांति और साम्प्रदायिक सदभाव का संदेश दिया। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी लोगों को गुरू नानक जयंती की शुभकामनाएं दी हैं।

.....

चम्बा जिला में चम्बा–साहू मार्ग पर कल पावर हाउस के पास एक टिप्पर और बाइक के बीच टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। यह युवक आईटीआई चम्बा में शिक्षा ग्रहण कर रहा था और साहू का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर हादसे की जांच की जा रही है।

.....

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में आज से मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने आठ जिलों किन्नौर, लाहौल–स्पीति, शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू और चंबा में दो दिन बारिश–बर्फबारी की संभावना जताई है। बिलासपुर, मंडी, ऊना और हमीरपुर के कई क्षेत्रों में कल सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाया रहा। 18 नवंबर तक मैदानी जिलों में कोहरा छाया रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अधिकतम तापमान में सामान्य से चार से पांच डिग्री की कमी दर्ज हुई है जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई है।

.....

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–सी.पी.एस. हटाने पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार–भाजपा ने दी दायर की कैवियट, विधायकी पर संशय बरकरार। दैनिक जागरण की सुर्खी है– सुप्रीम कोर्ट पहुंचा सी.पी.एस. मामला–शिमला पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने की अधिकारियों से मंत्रणा। हिमाचल दस्तक के अनुसार–मुख्य संसदीय सचिव की कोठियां हुई सुनसान।

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–कम एंड इंस्टॉल सोलर पावर प्रोजेक्ट्स, पहल पर कार्य कर रही सरकार। आपका फैसला के शब्द हैं–हिमाचल को

हरित ऊर्जा राज्य बनाने में सौर परियोजनाओं की भूमिका अहम। दैनिक सवेरा टाईम्स लिखता है–सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए आओ सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाओ की पहल।

रामपुर आपदा पीड़ितों को सात–सात लाख शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का बड़ा ऐलान। पंजाब केसरी की सुर्खी है–मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित समेज व बागीपुल क्षेत्रों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की।